ए.11019/3/2023-एनएमपीबी/कम्प्युटर नं. 172752

भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी)

प्रथम एवं द्वितीय तल, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी (आईआरसीएस)
एनेक्सी बिल्डिंग, रेड क्रॉस रोड
नई दिल्ली – 110 001
दिनांक: 28 अप्रैल, 2025

## परिपत्र

**विषय: एनएमपीबी, आयुष मंत्रालय में संविदा के आधार पर एक (01) परियोजना प्रबंधक और तीन (03) परियोजना परामर्शदाताओं की नियुक्ति के लिए परिपत्र का पुनः विज्ञापन - तत्संबंधी।**

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय का संविदा के आधार पर एक (01) परियोजना प्रबंधक और तीन (03) परियोजना परामर्शदाताओं की नियुक्ति के लिए एक पैनल तैयार करने का प्रस्ताव है। शॉर्ट-लिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड की आवश्यकता के अनुसार नियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा। पदवार विवरण, पात्रता आदि संलग्न अनुलग्नक में दिए गए हैं।

2. आवेदकों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने के लिए कंप्यूटर (एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, एमएस पावरपॉइंट, टाइपिंग, इंटरनेट) का गहन ज्ञान होना चाहिए।

3. अभ्यर्थियों की पात्रता आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार निर्धारित की जाएगी।

4. नियुक्ति पूर्णतः संविदा के आधार पर होगी तथा इससे मंत्रालय/संगठन में नियमित नियुक्ति का कोई अधिकार नहीं मिलेगा।

5. शॉर्ट-लिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत बातचीत के लिए बुलाया जाएगा।

6. एनएमपीबी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

7. इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी संलग्न प्रारूप में अपना भौतिक आवेदन (हस्ताक्षरित) हस्ताक्षरित सीवी और आवश्यक प्रमाण पत्रों की सत्यापित फोटोकॉपी के साथ वित्त और प्रशासनिक अधिकारी (एफ़&एओ), राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी), रेड क्रॉस एनेक्सी बिल्डिंग, रेड क्रॉस रोड, नई दिल्ली -110001 को 19 मई, 2025 (शाम 5:00 बजे) तक या उससे पहले डाक से/हाथों-हाथ जमा कर सकते हैं। लिफाफे पर एनएमपीबी में संविदा के आधार पर "परियोजना प्रबंधक और परियोजना परामर्शदाता (तकनीकी-औषधीय पादप)/परियोजना परामर्शदाता (तकनीकी-कृषि विज्ञान)/परियोजना

परामर्शदाता (वित्त/लेखा परीक्षा) के पद के लिए आवेदन" जैसा भी मामला हो स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए। अधूरे आवेदन या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

संलग्नक: उपर्युक्तानुसार

**(पीयूष कुमार)**
**वित्त एवं प्रशासनिक अधिकारी,**
**राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी),**
**दूरभाष : 011-23721826**

सेवा में :

1. महानिदेशक, सीसीआरएएस/सीसीआरएच/सीसीआरयूएम और निदेशक, सीसीआरवाईएन को इस अनुरोध के साथ कि वे परिपत्र को संबंधित आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करें।

2. उप सलाहकार, आयुष मंत्रालय/श्री अजीत सहा, तकनीकी निदेशक एनआईसी, आयुष मंत्रालय को इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को आयुष मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाए।

3. अवर सचिव, ई-I अनुभाग, आयुष मंत्रालय को सूचनार्थ ।

4. श्री सौरभ शर्मा, विपणन प्रबंधक, एनएमपीबी/श्री गोविंद पॉल, आईटी परामर्शदाता को इस अनुरोध के साथ कि परिपत्र को एनएमपीबी की वेबसाइट पर अपलोड किया जाए।

5. नोटिस बोर्ड ।

6. गार्ड फ़ाइल ।

प्रतिलिपि :

1. सचिव, आयुष के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव।

2. सीईओ, एनएमपीबी के प्रधान निजी सचिव।

अनुलग्नक

## पदों की प्रकृति, योग्यताएं, अनुभव और संविदा पदों की पात्रताएं

| क्र. सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | शैक्षिक योग्यता/अनुभव | मासिक पारिश्रमिक (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परियोजना प्रबंधक | एक (01) | 01. अनिवार्य योग्यता *: वनस्पति विज्ञान/ औषधीय पादप /द्रव्यगुण/कृषि विज्ञान/कृषि अर्थशास्त्र/ फार्माकोग्नॉसी /कृषि व्यवसाय/ कृषि इंजीनियरिंग/बागवानी में स्नातकोत्तर डिग्री।<br><br>02. वांछनीय योग्यता: पीएचडी डिग्री (वनस्पति विज्ञान/ औषधीय पादप/द्रव्यगुण/कृषि विज्ञान/ कृषि-अर्थशास्त्र/फार्माकोग्नॉसी/कृषि व्यवसाय/कृषि इंजीनियरिंग/बागवानी) में।<br><br>03. अनुभव**: संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव। कंप्यूटर का ज्ञान (एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, एमएस पावरपॉइंट, टाइपिंग, इंटरनेट)।<br><br>04. आयु: 21-60 वर्ष<br><br>05. नियुक्ति की प्रकृतिः पूर्णतः संविदा के आधार पर, प्रारंभ में 31 मार्च, 2026 तक। | 85,000/- |
| 2. | परियोजना परामर्शदाता (तकनीकी-औषधीय पादप ) | एक (01) | 01. अनिवार्य योग्यता*: वनस्पति विज्ञान/ औषधीय पादप/द्रव्यगुण/कृषि विज्ञान/कृषि अर्थशास्त्र/ फार्माकोग्नॉसी/ कृषि व्यवसाय/ कृषि इंजीनियरिंग /बागवानी में स्नातकोत्तर डिग्री।<br><br>02. वांछनीय योग्यता: पीएच.डी. डिग्री (वनस्पति विज्ञान/औषधीय पौधे/ द्रव्यगुण/कृषि विज्ञान/ कृषि-अर्थशास्त्र/फार्माकोग्नॉसी/कृषि व्यवसाय/ कृषि -इंजीनियरिंग/बागवानी) में।<br><br>03. अनुभव**: योग्यता प्राप्ति के बाद संबंधित क्षेत्र में 5 वर्ष अनुभव। स्वतंत्र रूप से कार्य को संभालने के लिए कंप्यूटर (एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, एमएस पावरपॉइंट, टाइपिंग, इंटरनेट) का ज्ञान।<br><br>04. आयु: 21-60 वर्ष<br>05. नियुक्ति की प्रकृतिः पूर्णतः संविदा के आधार पर, प्रारंभ में 31 मार्च, 2026 तक। | 50,000/- |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3. | परियोजना परामर्शदाता (तकनीकी-कृषि विज्ञान) | एक (01) | 01. अनिवार्य योग्यता*: वनस्पति विज्ञान/ औषधीय पादप)/द्रव्यगुण/कृषि विज्ञान/कृषि अर्थशास्त्र/ फार्माकोग्नॉसी/कृषि व्यवसाय/कृषि इंजीनियरिंग/ बागवानी में स्नातकोत्तर डिग्री।<br>02. वांछनीय योग्यता: पीएचडी डिग्री (वनस्पति विज्ञान/औषधीय पौधे/ द्रव्यगुण/कृषि विज्ञान / कृषि-अर्थशास्त्र/फार्माकोग्नॉसी/कृषि व्यवसाय/ कृषि - इंजीनियरिंग/बागवानी) में।<br>03. अनुभव**: योग्यता प्राप्ति के बाद 5 वर्ष संबंधित क्षेत्र में अनुभव। स्वतंत्र रूप से कार्य को संभालने के लिए कंप्यूटर (एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, एमएस पावरपॉइंट, टाइपिंग, इंटरनेट) का ज्ञान।<br>04. आयु: 21-60 वर्ष<br>05. नियुक्ति की प्रकृति: पूर्णतः संविदा के आधार पर, प्रारंभ में 31 मार्च, 2026 तक। | 50,000/- |
| 4. | परियोजना परामर्शदाता(वित्त) | एक (01) | 01. अनिवार्य योग्यता*: बीबीए (वित्त/लेखा)/ बी.कॉम/ आईसीडब्ल्यूए/सीए(इंटर.)<br>02. वांछनीय योग्यता: एमबीए (वित्त/ लेखा-पद्धति)/एम.कॉम/आईसीडब्ल्यूए/सीए।<br>03. अनुभव**: योग्यता प्राप्ति के बाद वित्तीय/बजटीय मामलों को संभालने 5 वर्ष का अनुभव। स्वतंत्र रूप से काम को संभालने के लिए कंप्यूटर (एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, एमएस पावर प्वाइंट, टाइपिंग, इंटरनेट) का ज्ञान।<br>04. आयु: 21-60 वर्ष<br>05. नियुक्ति की प्रकृति: पूर्णतः संविदा के आधार पर, प्रारंभ में 31 मार्च, 2026 तक। | 50,000/- |

* डिग्री सक्षम निकाय अर्थात एआईसीटीई, यूजीसी, एनसीआईएसएम आदि द्वारा मान्यता प्राप्त होनी चाहिए।

**कैंद्र सरकार, राज्य सरकार, संबद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों, स्वायत्त निकायों और भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों में पूर्णकालिक अनुभव माना जाएगा।

# आवेदन हेतु प्रारूप

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | |
| 2. | उम्मीदवार का नाम बड़े अक्षरों में | |
| 3. | पिता का नाम | |
| 4. | माता का नाम<br>जन्म तिथि (ईसवी सन् में)<br>दिनांक/माह/वर्ष | |
| 5.<br>(क) | आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार आयु | |
| (ख) | लिंग | |
| 6. | राष्ट्रीयता | |
| 7. | धर्म | |
| 8. | वैवाहिक स्थिति | |
| 9. | क्या आप केंद्र/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/स्वायत्त निकाय में कार्यरत हैं | |
| 10 | ज्ञात भाषाएँ | |
| 11. | पत्राचार के लिए पता | |
| 12. | स्थायी पता | |
| 13. | टेलीफोन नं./मोबाइल नं. | |
| 14. | कोई अन्य जानकारी जो आप देना चाहें: | |

15. **शैक्षिक योग्यता (मैट्रिकुलेशन या समकक्ष से शुरू होकर आगे तक):**

| क्र. सं. | परीक्षा उत्तीर्ण | वर्ष | स्कूल/बोर्ड का नाम | कक्षा/ डिवीजन | अंकों का % | मुख्य विषय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

16. **अनुभव (वर्तमान रोजगार सहित):**

| क्र. सं. | नियोक्ता का नाम | पद का नाम एवं नियुक्ति की प्रकृति | वेतनमान/ अंतिम आहरित वेतन रु. में | कार्य ग्रहण /छोड़ने की तिथि | निष्पादित कर्तव्यों की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

स्थान :

तिथि : 

आवेदक के हस्ताक्षर